राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनायाए वहां के लोगों का किया अभिनंदन

राज्यपाल श्री बागडे ने उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीए खुशहाली और संपन्नता की कामना की

जयपुर 9 नवम्बर। राजभवन में शनिवार को उत्तराखंड स्थापना दिवस के साथ ही अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस दौरान स्थानीय विभिन्न राज्यों के लोगों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राज्यों का स्थापना दिवस "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की अनुभूति करना है।

राज्यपाल ने उत्तराखंड स्थापना दिवस पर स्थानीय लोगों को बधाई देने के साथ ही इससे पहले 31 अक्टूबर को मनाए गए जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस और एक नवम्बर को आंध्र प्रदेशए अण्डमान एवं निकोबार द्वीपए चंडीगढ़ए छत्तीसगढ़ए दिल्लीए हरियाणाए कर्नाटकए केरलए लक्षद्वीपए मध्यप्रदेशए पुडुचेरीए पंजाबए तमिलनाडु राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों को भी राजभवन बुलाकर शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि राज्यों का स्थापना दिवस अनेकता में एकता की हमारी परम्परा और संस्कृति की पहचान है। उन्होंने इस दौरान राजभवन में राज्यों के स्थानीय लोगों से संवाद कर राजस्थान में निवास के उनके अनुभवों के बारे में जाना।

श्री बागडे ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की मंशा यही है कि विविधता में एकता की जो हमारी भारत–भूमि हैए उसको हम अनुभूत कर सकें। उन्होंने उत्तराखंड को देवभूमि बताते हुए कहा कि तीर्थाटन से पर्यटन की भारतीय संस्कृति का यह प्रदेश सूत्र–केन्द्र है। उन्होंने उत्तराखंड की स्थापना और निरंतर हुए विकास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

आरंभ में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री राजकुमार सागर भी उपस्थित रहे। इस दौरान उत्तराखंड और अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्थानीय जनों ने अपनी परम्परा और लोक संस्कृति से जुड़ी बातें साझा की।

....

राजभवन, राजस्थान
राज्य एवम् केन्द्र शासित प्रदेश स्थापना दिवस समारोह
दिनांक 09 नवम्बर, 2024

राजभवन,